Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding (i)Admissions of students under Prime Minister Special Scholarship Scheme and (ii) Supply of unfiltered water in Kulgaon.

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग): महोदय, 5 अगस्त, 2019 के बाद जो लम्बा लॉकडाउन लगा, उसे देखते हुए एक योजना 'प्राइम मिनिस्टर स्पेशल स्कॉलरशिप' स्कीम बनाई गई जिसे 'पीएमएसएसएस' के नाम से जाना जाता है। यह बहुत अच्छी स्कीम रही और हमारे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के मैरिटोरियस स्टूडेंट्स को बाहर कोर्सेस करने के लिए सारे मुल्क के कालेजेज में भेजा गया। वे एक, दो साल से ये कोर्सेस कर रहे हैं। उन्होंने इसके अलावा नेशनल पोर्टल स्कॉलरशिप पर भी स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई किया और कुछ स्टूडेंट्स ने इस योजना का लाभ लिया। अब यह हो रहा है कि एआईसीटी उनका एडमिशन रद्द कर रही है और उन्हें होस्टल्स से निकाला जा रहा है। उन्हें कहा जा रहा है कि जब आप पीएमएसएसएस का लाभ ले रहे हैं तो आपने नेशनल पोर्टल स्कॉलरशिप पर अप्लाई क्यों किया। हो सकता है कि उनसे कोई भूल-चूक हुई हो। वे एक-दो साल से कोर्सेस कर रहे हैं, उन्हें कालेजेज से क्यों निकाला जा रहा है? वे मैरिटोरियस स्टूडेंट्स हैं, यदि आप उन्हें माफ नहीं कर सकते हैं तो ऐसा किया जा सकता है कि उन्होंने नेशनल पोर्टल स्कॉलरशिप पर यदि कोई लाभ लिया है, तो उसे वे रिटर्न करें। वे स्टूडेंट्स बहुत पीड़ा में हैं और उन्हें कालेजेज और होस्टल्स से निकाला जा रहा है। इस विषय पर थोड़ा गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

महोदय, आप बहुत मेहरबान हैं। मैं एक बात और कहना चाहता हूं। आप मुझे केवल एक मिनट का समय और दे दीजिए। कुलगाव में हेपेटाइटिस बीमारी फैल गई है और दो बच्चों की मौत हो गई है। यह बहुत बदकिस्मती की बात है और यह इसलिए हुआ क्योंकि अनफिल्टर्ड वॉटर सप्लाई किया जा रहा है। वहां फिल्ट्रेशन प्लांट लॉक्ड है, उसे ऑपरेशनल नहीं बनाया जा रहा है। हेल्थ मिनिस्ट्री इसके लिए उपाय करे।

माननीय सभापति : ये विषय दो मंत्रालयों से संबंधित हो गए हैं। आप जो विषय रखते हैं, उन्हें संबंधित मंत्रालय को रिस्पांड करने के लिए भेजा जाता है। यदि आप दो मंत्रालयों से संबंधित विषय रखते हैं, तो कठिनाई होती है।

श्री हसनैन मसूदी: महोदय, आप मेहरबान हैं। आप मुझे एक मिनट का समय दीजिए। मैं चाहता हूं कि स्टूडेंट्स को रिलीफ दिया जाए और उनका एडमिशन कैंसिल न किया जाए। दूसरा हेल्थ केयर के लिए तवज्जो दी जाए। धन्यवाद।